भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 11.10.2023

आरेडिका में 81वें भारतीय रेलवे हॉकी मेन्स चैंपियनशिप का समापन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में दिनांक 05.10.2023 से 10.10.2023 तक 81वें अखिल भारतीय रेलवे हॉकी मेन्स चैंपियनशिप 2023–24(लीग फेज) का आयोजन किया गया जिसमें रेलवे जोन, प्रोडक्शन यूनिटों एवं रेलवे बोर्ड सहित कुल 10 टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें से 4 टीमें पूर्व तटीय रेलवे भुवनेश्वर, उत्तर रेलवे दिल्ली, मध्य रेलवे बम्बई, पूर्व रेलवे कोलकाता, ने क्वालीफाई किया है ये चारों विजेता टीम 13.10.2023 से सिकंदरावाद में आयोजित होने वाले नॉक आउट फेज में खेलेंगें।

आरेडिका के महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा ने खिलाड़ियो के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की वही दूसरी ओर आरेडिका खेल–कूद संघ के अध्यक्ष श्री संजय कुमार कटियार एवं स्पोर्टस टीम को चैंपियनशिप के सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

प्रतियोगिताओं के सकुशल सम्पन्न कराने पर विभिन्न स्थानों से आये रेलवे खिलाड़ियों ने आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के खेल– कूद संघ का आभार जताया कि आरेडिका खेल– कूद संघ ने खिलाड़ियों के रहने, खाने–पीने एवं आने–जाने के लिए वाहनों की समुचित व्यवस्था की।

आरेडिका खेल–कूद संघ के अध्यक्ष श्री संजय कुमार कटियार ने बताया कि रानीज गर्ल्स हॉकी टर्फ में प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित करने के लिए विश्व स्तरीय डिजीटल सुविधाओं का उपयोग किया गया जिससे सभी प्रतियोगिताओं के शत्प्रतिशत पारदर्शी परिणाम घोषित हो सकें एवं खिलाड़ियों की खेल भावनाओं का सम्मान किया जा सका। भाविष्य में भी आरेडिका खेल–कूद संघ इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के आयोजन में अपना योगदान देता रहेगा।

इस अवसर पर आरेडिका अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

11.10.2023

(आर एन तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी